शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

अभ्यास प्रश्नपत्र, **2021-22**

(द्‌वितीय सत्र**)** कक्षा **-9**

विषय**-** हिंदी **'**अ**'** **(**कोड**-002)**

निर्धारित समय**- 2** घंटे पूर्णांक**- 40**

सामान्य निर्देश:

(1) इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और ख।

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए।

(3) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(5) खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं. सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड 'क' (पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक) 20 अंक

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए। 2x4=8

(क) "सांवले सपनों की याद" नामक पाठ में घटित कौन सी घटना ने सालिम अली के जीवन को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

(ख) "सांवले सपनों की याद" नामक पाठ में सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने किन घटनाओं का चित्र खींचा होगा जिससे कि उनकी आंखें नम हो गई थी ? आंख नम होने से आप क्या समझते हैं ?

(ग) "प्रेमचंद के फटे जूते" नामक पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग लेखक ने किस घटना या संदर्भों को स्पष्ट करने के लिए किया होगा? आपकी अपनी समझ से 'टीले' शब्द का क्या अर्थ होगा?

(घ) "प्रेमचंद के फटे जूते" नामक पाठ एक व्यंग्य लेख है इस पाठ को पढ़कर के आपके मन में क्या विचार आया? इस पाठ को पढ़कर आपको लेखक की कौन सी बातें आकर्षित करती हैं ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए।
2x3=6

(क) "कैदी और कोकिला" नामक कविता में कवि ने हथकड़ियों को गहना क्यों कहा है? हाथ में पहने जाने वाले अन्य गहनों के बारे में आप क्या जानते हैं?

(ख) "कैदी और कोकिला" नामक कविता में कोयल की कूक के बारे में कवि की क्या प्रतिक्रिया थी? कोयल के बोलने को "कोयल की कूक" कहा जाता है, इसी तरह कौवे के बोलने को क्या कहा जाता है?

(ग) "बच्चे काम पर जा रहे हैं" कविता में कवि बच्चों के काम पर जाने को धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों बताया है? आपके अनुसार बच्चों का मुख्य काम क्या होना चाहिए?

(घ) आपने अपने शहर में बच्चों को कब-कब और कहॉ-कहॉ काम करते हुए देखा है ? यह देखकर आपके मन में क्या विचार आता हैं?

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।
3x2=6

(क) "मेरे संग की औरतें" पाठ में लेखिका के नानी की आजादी के आंदोलन में किस तरह की भागीदारी रही थी ? अपने दैनिक व्यवहार के संदर्भ में अपने नानी अथवा दादी से मिली किसी एक सीख के बारे में लिखिए?

(ख) रीड की हड्डी नामक पाठ के आधार पर समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं? पाठ में इस विषय में क्या प्रयास किया गया है?

(ग) "माटी वाली" पाठ के आधार पर बताइए कि "भूख मीठी कि भोजन मीठा" से आपका क्या अभिप्राय है ?

खड 'ख' (रचनात्मक लेखन खंड) 20 अंक

4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5 अंक

(क) "ऑनलाइन पठन-पाठन से लाभ"

संकेत-बिंदु-

भूमिका, ऑनलाइन पठन-पाठन के तरीके, ऑनलाइन पठन-पाठन में छात्रों ने अभिभावकों का योगदान, ऑनलाइन पठन-पाठन की सीमाएँ , ऑनलाइन पठन-पाठन की उपयोगिता एवं उपसंहार।

(ख) "पानी बचाओ जीवन बचाओ"

संकेत-बिंदु-

भूमिका, पानी की उपलब्धता, पानी का हमारे जीवन में महत्व, पानी की उपयोगिता और उपसंहार।

(ग) "देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियॉ ही हमारी देशभक्ति है"

संकेत-बिंदु-

भूमिका, देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियॉ क्या है, इन जिम्मेदारियों का निर्वाह क्यों आवश्यक है, यदि हम जिम्मेदारियॉ नहीं निभाएंगे तो क्या होगा , समाज को हम किस तरह संतुलित रख सकते हैं और उपसंहार

5. आप की गली में नालियों की उचित सफाई और रखरखाव न होने के कारण बीमारियॉ फैल रही है इससे बचाव के लिए नगर निगम अधिकारी को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 5 अंक

अथवा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आपके देश में मनाए जाने वाले समारोह के बारे में बताते हुए अपने मित्र को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

6. (क) कोविड-19 की वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में संबंधित अधिकारी से बातचीत करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए। 2.5 अंक

अथवा

आप को भेजे जाने वाले कार्यपत्रक के सवालों के हल के विषय में अपने सहपाठी से किए गए बातचीत पर लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए।

(ख) आप की गली में सब्जी विक्रेता के साथ आपके माता या पिता के साथ होने वाली बातचीत पर लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए। 2.5 अंक

अथवा

आपके मित्र के साथ आपकी आने वाली परीक्षाओं के बारे में की गई बातचीत पर लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक संवाद तैयार कीजिए।

7. (क) "बचाव ही सर्वोत्तम सुरक्षा है" इस विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए 2.5 अंक

अथवा

"स्वस्थ रहना खानपान की आदतों पर भी निर्भर है" इस विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

(ख) "सहयोग की भावना विकास हेतु आवश्यक है" इस विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। 2.5 अंक

अथवा

"मित्र ही मित्र के काम आते हैं" इस विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।